**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 22.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज रांची में 236वें सरस्वतीधाम लोकार्पण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा का प्रसार करना एक चुनौती है। ऐसे में विद्यालय द्वारा दूरस्थ क्षेत्र की बालिकाओं को सुरक्षित और सुसंस्कृत आवासीय सुविधा प्रदान करना सराहनीय पहल है।

******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ कल से इस महीने की 26 तारीख तक केन्या और मेडागास्कर की यात्रा पर रहेंगे। यात्रा के पहले चरण में, श्री सेठ कल ताइता–तवेता काउंटी में स्मारक स्तंभ के संयुक्त अनावरण के लिए केन्या जाएंगे। जबकि दूसरे चरण में, मंत्री 26 जून को एंटानानारिवो में मेडागास्कर की स्वतंत्रता की 65वीं वर्षगांठ और मालागासी सशस्त्र बलों के गठन के समारोह के लिए मेडागास्कर का दौरा करेंगे।

******************

दक्षिण पूर्व रेलवे ने कल से 29 जून के बीच टाटानगर से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों के संचालन में बदलाव की घोषणा की है। इस अवधि में आसनसोल–आद्रा मेमू पैसेंजर (68045/68046) 23, 24, 26 और 28 जून को पूरी तरह रद्द रहेगी, जबकि बीबीएम मेमू (68056/68060) 24 और 28 जून को आद्रा तक ही चलेगी। टाटानगर–हटिया एक्सप्रेस (18601) 24 जून को अपने नियमित मार्ग के बजाय चांडिल–गोविंदपुर रोड–मुरी के रास्ते चलेगी, जिससे कुछ स्टेशनों पर यह नहीं रुकेगी। रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति आईआरसीटीसी वेबसाइट या 139 हेल्पलाइन से अवश्य जांच लें।

******************

सरायकेला–खरसावां में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के तत्वावधान में आज मेगा विधिक सशक्तिकरण सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में आयोजित इस शिविर का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामाशंकर सिंह, उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों, महिलाओं और छात्रों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और लाभ भी उपलब्ध कराया गया। मौके पर डालसा सचिव ने बताया कि यह शिविर हर छह महीने में न्यायिक जानकारी व सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित होता है।

******************

मधुपुर और देवघर में वाशिंग पिट की सुविधा शुरू होने से अब इन स्टेशनों से लंबी दूरी की ट्रेनों के संचालन का रास्ता साफ हो गया है।

******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 92 हजार एक सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तेरह हजार रुपये प्रति किलो है।

******************

मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए अगले कुछ घंटों में हल्की से मध्यम वर्षा के साथ वज्रपात और तेज हवा चलने की संभावना जताई है। रांची, खूंटी, गुमला, दुमका, देवघर, गोड्डा, बोकारो और धनबाद समेत विभिन्न जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने, सुरक्षित स्थान पर शरण लेने और बिजली के खंभों और पेड़ों से दूर रहने की अपील की है।

*********समाप्त*********